Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding retirement of outgoing Secretary-General and appointment of new Secretary-General, Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को सूचित करना है कि श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव को 1 दिसम्बर, 2017 से लोक सभा और लोक सभा सचिवालय का महासचिव नियुक्त किया गया है। श्रीमती श्रीवास्तव को 35 वऐााॅ से अधिक का प्रशासकीय अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के न्याय विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य किया है। मुझे विश्वास है कि सभा श्रीमती श्रीवास्तव के व्यापक अनुभव से लाभान्वित होगी और वे लोक सभा की पहली महिला महासचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन लगन एवं निऐठा से करेंगी।

मुझे सभा को यह भी सूचित करना है कि श्री अनूप मिश्र 30 नवम्बर 2017 को लोक सभा के महासचिव के अपने कार्यकाल को पूर्ण कर पदभार से मुक्त हुए। श्री मिश्र के संसदीय कार्य, प्रक्रियाओं एवं संवैधानिक मामलों के व्यापक ज्ञान ने पीठासीन अधिकारियों एवं सभापति तालिका में शामिल सदस्यों को सभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद की। अपनी कुशल प्रशासकीय दक्षता से उन्होंने सचिवालय के प्रशासन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित किया।

उनकी सेवा के सम्मान में मुझे यह घोऐणा करते हुए अपार हऐन हो रहा है कि श्री अनूप मिश्र को सभा का मानद अधिकारी मनोनीत किया गया है।

मैं अपनी और माननीय सदस्यों की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सफल भविऐय की कामना करती हूं।

11.08 hours

OBITUARY REFERENCES